तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **इन्द्रा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353236587821184
03/02/26	अपीलार्थी इन्द्रा निवासी गायतों की ढ़ाणी, वीसलपुर, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 29.12.2025 डीडीआरसी द्वारा प्रदत्त प्रमुख सेवाएं ओर मुख्य कार्य एवं उद्देश्य से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष ने अपने पत्रांक 34 दिनांक 09.01.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय से संबंधित न होकर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जोधपुर से संबंधित होने के कारण अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 02.01.2026 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर अपीलार्थी को सूचित किया जा चुका है। कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील खारिज योग्य है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.02.03 10:03:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
20278271